हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 8 जनवरी 2024

04 विकसित भारत संकल्प यात्राः योजनाओं का लाभ ...



07 अतिक्रमण में हटाए गए लोगों की उचित व्यवस्था...





## खबर संक्षेप

### आपत्ति दर्ज कराने प्रत्येक प्रश्न के चुकाना होंगे 200 रुपए

**सीहोर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की यूजीसी नेट 2023 एग्जाम की आंसर की जारी कर दी गई है। उम्मीदवार ऑफिस वेबसाइट पर आंसर की चेक कर सकते हैं। आंसर की के साथ-साथ ऑब्जेक्शन का विकल्प भी दिया गया है। जो उम्मीदवार ऑब्जेक्शन दर्ज करना चाहते हैं वह ऑफिस साइट पर 200 रुपए प्रति प्रश्न के आधार पर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। आंसर की पर मिले ऑब्जेक्शन को सॉल्व करने के बाद रिजल्ट जारी होगा। परीक्षा 6 से 22 दिसंबर के बीच हुई थी

### जेईई मेन्स : आवेदन सुधार विंडो खुली, परीक्षा 24 जनवरी से

**सीहोर।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा जेईई मुख्य परीक्षा 2024 सत्र 1 के लिए आवेदन में सुधार विंडो खोल दी है जिन उम्मीदवारों ने आवेदन किया है और अपनी छवि (फोटो) में बदलाव करना चाहते हैं, वह आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं। छवि सुधार विंडो 6 जनवरी तक खुली रहेगी। परीक्षा 24 जनवरी से 1 फरवरी तक देश पर के अलग-अलग परीक्षा केंद्र पर होगी। आधिकारिक नोटिस में कहा गया कुछ उम्मीदवार द्वारा अपलोड की गई तस्वीरें आवश्यक विशेषताओं के अनुसार नहीं पाई गई है इसलिए उम्मीदवारों को एक अवसर देने का निर्णय लिया गया है।

### इग्नू : बीएड में प्रवेश परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

**सीहोर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने बीएड, पीएचडी, बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। इग्नू बीएड, पीएचडी, बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों को मोबाइल नंबर, जन्म तिथि जैसे क्रैडेंशियल्स का उपयोग करना होगा। प्रवेश परीक्षा 7 जनवरी को होगी। यह परीक्षा 2 घंटे के लिए होगी और प्रश्न पत्र एमसीक्यू मोड में होगा। इग्नू बीएड प्रश्न पत्र में दो खंड होंगे, परीक्षा में 100 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। प्रवेश परीक्षा में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

### राज्य रूपंकर कला प्रदर्शनी : 15 तक मांगी कलाकृतियां

**सीहोर।** उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी और मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल की ओर से राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी के लिए आवेदन 15 जनवरी तक किए जा सकते हैं। अकादमी की ओर से 10 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51 हजार रुपए निर्धारित है। प्रदर्शनी में 3 कलाकृतियां मान्य की जाएंगी।

---

मौसम वैज्ञानिक बोले आने वाले तीन दिन तक इसी तरह आसमान पर बादल छाए रहेंगे, साथ ही बूंदाबांदी हो सकती है

# आसमान में काले घने बादल छाए: न्यूनतम तापमान 13 डिग्री दर्ज, अगले 24 घंटे में हो सकती है बारिश

**बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान और उसके उपचार के साथ प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी। बीते एक सप्ताह से आसमान पर छाए हैं बादल हो रही है हल्की बूंदाबांदी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में रविवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। घने बादल छाए हुए हैं और आकाश में धुंध के साथ कोहरा भी है। जिसके कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। दिन में भी लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एस एस तोमर ने बताया कि हवाओं की दिशा अभी उत्तर से चल रही है। आसमान में काले घने बादल छाए हुए हैं। 10 जनवरी तक यही स्थिति रहेगी, वहीं अगले 24 घंटे के दौरान जिले में लगभग 1 इंच बारिश होने की संभावना है।

### बदलते मौसम में सलाह

बदलते मौसम में बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आम जनों को सलाह दी है। निमोनिया के आकलन, निमोनिया का वर्गीकरण, खतरनाक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में मैदानी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई।



**सीहोर।** रविवार को सुबह घना कोहरा छाने के कारण भोपाल-इंदौर हाइवे पर वाहन चालकों को हेड लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभाग तैयार है।

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया के संबंध जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं। इसे देखते हुए मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अवगत किया गया है। जिससे कि वह अपने क्षेत्र में निमोनिया के लक्षण वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र प्रबंधन कर सकें। निमोनिया से बचाव एवं जागरूकता के लिए विभाग द्वारा 29 फरवरी तक सांस अभियान संचालित किया जाएगा।





**सीहोर।** दिन में ठिठुरन बढ़ने से लोगों ने अलाव का सहारा लिया।

निमोनिया फेफड़े का संक्रमण है। जिससे फेफड़ों में सूजन हो जाती है। निमोनिया होने पर बुखार खांसी और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। तेज सांस चलना या छाती का धंसना निमोनिया के दो मुख्य चिन्ह है। प्रशिक्षण में शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा द्वारा बच्चों में सांस की दर को गिनकर निमोनिया के लक्षणों की पहचान के संबंध में जानकारी दी गई।

---

## हमें अपनी क्षमता का पूर्ण विकास सही दिशा में करना है : डॉ. बीके चतुर्वेदी

**सीएम राइज स्कूल केरियर काउंसलिंग में विद्यार्थियों को दिए उपयोगी टिप्स**

**सीहोर।** हमें अपनी क्षमता का पूर्ण विकास सही दिशा में करना है, ताकि हम ऊंचे आयामों को प्राप्त कर सकें। यह बात जिले के प्रसिद्ध डॉक्टर बीके चतुर्वेदी ने सीएम राइज शासकीय उमावि बिलकिसगंज में विद्यार्थियों को केरियर काउंसलिंग के रूप में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होते हुए कही।




डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में, विद्यार्थियों के लिए जानकारीपूर्ण करियर विकल्प चुनना महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अनेक विकल्पों के साथ, एक सफल करियर पथ पर आगे बढने के लिए उचित मार्गदर्शन और परामर्श प्राप्त करना आवश्यक है। करियर काउंसलिंग छात्रों को एक संपूर्ण करियर की दिशा में मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डा. चतुर्वेदी ने बताया कि छात्र-छात्राओं को कैसे अपना प्रतिदिन दैनिक दिनचर्या बनाएं, प्रतिदिन भोजन किस तरह से पौष्टिक भोजन खाएं, बाजार की कई प्रिजर्वेटिव वाली चीज बहुत अधिक न खाएं, किस तरह से अध्ययन करें और पर्याप्त नींद अवश्य लें। नींद शरीर के स्वस्थ रहने के लिए बहुत जरूरी है। पेड़ पौधों की रक्षा करें और प्राकृतिक माय वातावरण में जीवन जिए। इन सब बातों का ध्यान रखेंगे तो आपको केरियर बनाने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य पवन शर्मा ने कहा कि करियर काउंसलिंग से विद्यार्थियों को यह समझने में मदद मिलती है कि उनके पास क्या करियर विकल्प हैं और उन्हें कैसे आगे बढ़ाया जाए। करियर काउंसलिंग उन्हें अपने वर्तमान पाठ्यक्रम या पेशे के संबंध में अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद करती है, और उन्हें यह बताती है कि उनके लिए कौन सा करियर उपयुक्त होगा। इस अवसर पर अनेक विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं को भी शांत किया। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ सहित विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### 6 मार्च से होंगी 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केंद्र ने पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा का टाइम टेबल घोषित कर दिया है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए परीक्षा जल्दी होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी टाइम टेबल के अनुसार परीक्षा 6 मार्च से शुरू होकर 14 मार्च तक खत्म हो जाएगी। परीक्षा में निजी व शासकीय स्कूलों के विद्यार्थी शामिल होंगे। पांचवी और आठवीं में इस साल जिले में करीब 30 हजार बच्चे शामिल होंगे। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 11.30 तक रहेगा। जारी शेड्यूल के अनुसार 5वीं के परीक्षा में पहला पेपर 6 मार्च को प्रथम भाषा हिंदी, अंग्रेजी, मराठी या उर्दू का होगा। 7 मार्च को गणित अथवा दृष्टिबाधितों के लिए संगीत, 11 मार्च को द्वितीय भाषा अंग्रेजी, हिंदी, 12 मार्च को पर्यावरण अध्ययन और 13 मार्च को अतिरिक्त भाषा हिंदी, संस्कृत, उर्दू या पंजाबी का पेपर होगा। आठवीं का पहला पेपर हिंदी काः आठवीं की परीक्षा 6 से 14 मार्च तक होगी। परीक्षा का समय सुबह 9 से 11.30 बजे तक रहेगा।

### सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने पर मिलेगा 5 हजार का पुरस्कार

**सीहोर।** भारत सरकार के भूतल परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा दुर्घटना होने पर घायलों की जान बचाने तथा शीघ्र उपचार उपल्ब्ध कराने के लिए गुड सेमीरिटन नेक व्यक्ति योजना संचालित की जा रही है। दुर्घटना मे घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल पहुचाने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वार पूछताछ नहीं की जायेगी, जान बचने पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रूपये का पुरूस्कार कलेक्टर की अध्यक्षता मे गठित समिति के निर्णय के पश्चात दिया जायेगा। सडक दुर्घटनाओं की जानकारी आईरेड एप के माध्यम से संकलित की जाती है एप मे घटना की लाईव एंट्री,घटना के वाहन नं0, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट की जानकारी दर्ज की जाती है।

## इंटर स्कूल बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट पर ब्ल्यू बर्ड का कब्जा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंटर स्कूल बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को दो सेमीफाइनल और एक फाइनल खेला गया। बूंदाबांदी के बीच भी खिलाड़ियों का मनोबल और दर्शकों का उत्साह कम नहीं हुआ। फाइनल मैच के दौरान अतिथि के रूप में मौजूद सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौड़ और जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

पहला सेमीफाइनल मैच गवर्नमेंट स्कूल पचामा और न्यू मोनालिसा स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने उतरी गवर्नमेंट स्कूल पचामा की टीम 21 रनों का ही लक्ष्य दे सकी, जवाब में न्यू मोनालिसा स्कूल की टीम ने लक्ष्य को 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मेजबान ब्ल्यू बर्ड स्कूल और स्वामी विवेकानन्द के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्ल्यू बर्ड स्कूल की टीम ने 76 रन का लक्ष्य रखा, जवाब में विवेकानंद एकेडमी 46 रन पर ऑलआउट हो गई। फाइनल मैच ब्ल्यू बर्ड और न्यू मोनालिसा के बीच खेला गया, जिसमें ब्ल्यू बर्ड स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम के सलामी बल्लेबाज ऋतुराज की 46 रनों की विस्फोटक पारी की मदद से टीम ने न्यू मोनालिसा को 99 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। जवाब में मोनालिसा की टीम 49 रन पर ऑलआउट हो गई। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब ब्ल्यू बर्ड स्कूल के सलामी बल्लेबाज देवांश राठौड़ को दिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी 10 टीमों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

---

**ओपीडी में 350 से अधिक पहुंच रहे सर्दी-जुकाम और खांसी के मरीज**

# कोरोना की वापसी का डर : निजी डॉक्टरों की क्लीनिकों पर भी पहुंच रहे मरीज, एक युवती मिल चुकी है कोरोना संक्रमित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

तापमान में हो रहे बदलाव को देखते हुए स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है। मौसम बदलने के साथ ही निमोनिया बच्चों और बड़ों को अपनी चपेट में ले रहा है। वहीं कोरोना के नए वेरीयंट के आने से स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पताल परिसर में फीवर क्लीनिक बनाकर कोरोना के सैंपल लेना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों जांच में एक युवती कोरोना पॉजीटिव भी मिल चुकी हैं। वहीं सर्दी, बुखार और वायरल भी अपना असर दिखा रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज इलाज कराने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, निजी चिकित्सकों के पास भी बीमार बच्चों को लेकर अभिभावक पहुंच रहे हैं।

सर्दी की शुरुआत बच्चों सहित बड़ों पर भारी पड़ती है। जिला अस्पताल में ओपीडी में प्रतिदिन 350 से ज्यादा वायरल बुखार सहित सर्दी-खांसी और जुकाम के पहुंच रहे हैं। इसके अलावा निजी अस्पतालों में भी अभिभावक अपने बच्चों को लेकर जा रहे हैं। इनमें रोजाना दो से तीन निमोनिया पीड़ित बच्चे भी पहुंच रहे हैं। शिशु रोग विशेषज्ञों के अनुसार जिले में वर्षभर निमोनिया के पीड़ित मिलते हैं, लेकिन सदर्दी में इनकी संख्या बढ़ जाती है। सर्दी के साथ वायरल फीवर के मरीज बढ़ रहे हैं। बदलता मौसम बच्चों के लिए खतरनाक होता है। थोड़ी सी लापरवाही में वह बीमार पड़ जाते हैं। डॉक्टरों के अनुसार निमोनिया सांस से जुड़ी बीमारी है। इसमें फेफड़े में संक्रमण और सूजन आ जाती है। कई बार पानी भी भर जाता है। छोटे बच्चों को इससे खतरा अधिक होता है।

### ये हैं निमोनिया के लक्षण

निमोनिया के लक्षण सांस लेने या खांसने पर सीने में दर्द, 65 वर्ष व उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों में मानसिक भ्रम की स्थिति, खांसी, जो कफ पैदा कर सकती है। थकान महसूस होना, बुखार, पसीना और कंपकंपी ठंड लगना। शरीर के सामान्य तापमान से कम, सांस लेने में परेशानी। बचाव के ये हैं उपाय बच्चों को सुबह-शाम गर्म कपड़े पहनाएं। बच्चों को सुबह शाम नंगे पैर न चलने दें। बच्चों का नियमित टीकाकरण कराएं। थोड़ी भी दिक्कत होने पर चिकित्सक से उपचार लें। बुजुर्ग धूम्रपान से परहेज करें।

### बारिश के मौसम में पाचन क्रिया पर पड़ता है असर

सर्दी के साथ ही इस समय रिमझिम बारिश का दौर भी बना हुआ है। ऐसे मौसम में शरीर में वात यानी वायु की वृद्धि होती है इसलिए हल्के एवं शीघ्र पचने वाला भोजन सामग्री का ही सेवन करना चाहिए। इस मौसम में वातावरण में नमी होने के कारण प्यास कम लगती है लेकिन पानी फिर भी पीते रहना चाहिए। फल और सलाद सामग्री को धोकर काटकर ही खाना चाहिए। क्योंकि इनके अंदर कीड़े होने की आशंका रहती है।

## फुटबॉल प्रतियोगिता के 17 वें दिन टीमों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन



**सीहोर।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रही फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का 17वां मैच रविवार को खेला गया। गुड मॉर्निंग क्लब वर्सेस बॉयज के बीच दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया दोनों ही टीम ऑन ने आक्रामक खेल खेल लेकिन कोई भी टीम स्कोर नहीं कर सकी मैच बराबरी पर खत्म हुआ। आज मैच गुड मॉर्निंग क्लब वर्सेस इछावर के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच सीहोर जूनियर और आस्था के बीच खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### प्रांतीय शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

**सीहोर।** प्रांतीय शिक्षक संघ द्वारा गत वर्ष में किए गए नवाचारों के साथ 1500 पदाधिकारियों के फोटो से सुसज्जित संगठन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया।प्रान्तीय शिक्षक संघ परिवार जिला सीहोर के वार्षिक कैलेंडर 2024 का विमोचन सीहोर के माननीय विधायक सुदेश राय द्वारा किया गया। कैलेंडर में नवाचारी शिक्षकों के नवाचार कार्य, शासकीय शालाओं की विशेषताओं एवं संगठन द्वारा विगत वर्ष में किए गए कार्यों को भी संगठन के कैलेंडर में स्थान दिया गया है।इस अवसर पर सीहोर विधायक सुदेश राय ने संगठन द्वारा किए गए शिक्षक हित में एवं सामाजिक कार्यों की सराहना की । कहा कि मैं हमेशा प्रांतीय शिक्षक संघ के सकारात्मक कार्यों में उनके साथ हूं। जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना ने बताया कि कैलेंडर प्रकाशित करने का मुख्य उद्देश्य संगठन के कार्यों को सभी को अवगत कराना है।संगठन की भविष्य की रूपरेखा के बारे में भी अवगत कराया।

### जिले की ग्राम पंचायत गंधर्वपुरी में राज्यपाल पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# विकसित भारत संकल्प यात्राः योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पूरी सरकार आपकी ग्राम पंचायत में आई हैः राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले की ग्राम पंचायत गंधर्वपुरी में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा" अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल शामिल हुए। राज्यपाल पटेल ने ग्राम पंचायत गंधर्वपुरी में आयोजित शिविर में कहा कि योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को सरकार आपके द्वार पहुंचकर लाभान्वित कर रही है। आज पूरी सरकार ग्राम में आकर हितग्राहियों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य शासन द्वारा समाज के सभी वर्गो के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों में जाना पड़ता था।

लेकिन अब संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी स्वयं नागरिकों के पास पहुंच कर आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जहां पक्के मकान बनाये जा रहे हैं, वहीं गरीब व्यक्तियों को निःशुल्क 5 लाख तक का इलाज आयुष्मान भारत निरामय योजना के माध्यम से दिया जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसमें हम सभी का योगदान आवश्यक है। पहले योजनाओं के लाभ के लिए घूमना पड़ता था, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा संपूर्ण भारत में यात्रा निकाली जा रही है। देवास में 50 प्रतिशत ग्रामों में यात्रा निकाली गई है। देश भविष्य की ओर बढ़ रहा है। आज गंधर्वपुरी ग्राम पंचायत में पूरी सरकार आ गई



है। स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। मध्यप्रदेश में 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक, जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से वंचित रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनके जीवन में खुशहाली लाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है।

इसमें आईईसी वैन में लगे एलईडी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा हितलाभ भी वितरित किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं और इनके सकारात्मक परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। महिलाएं अब अपने परिवार की उन्नति में भी योगदान दे रहीं हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है, स्व-सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्जवला जैसी अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अभिनव पहल हैं। राज्यपाल पटेल द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। विकसित भारत संकल्प यात्रा पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई । राज्यपाल पटेल ने गंधर्वपुरी में पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन किया वहां पर प्राचीन मूर्तियों को देखा और संबंधितो से जानकारी ली। पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कहा कि विकसित भारत के सपने को हम सबको मिलकर पूरा करना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में देवास जिले के हजारों हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। इस यात्रा के माध्यम से निचले स्तर से लेकर पंचायत स्तर एवं शहरी क्षेत्र में वार्डो के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की मंशानुसार योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों को निचले स्तर तक प्राप्त हो, इसके लिए संकल्प यात्रा मील का पत्थर साबित हो रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य घर-घर तक योजनाओं को पहुंचना है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है। किसान सम्मन निधि, आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है।

विधायक सोनकच्छ डॉ राजेश सोनकर ने कहा कि गौरव की बात है कि गंधर्वपुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर आयोजित हुआ है। गंधर्वपुरी की प्राचीन पहचान है, यहां 11वीं 12वीं 13वीं शताब्दी के धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के अवशेष मिलते हैं। सरकार नागरिकों के सपनों को पूर्ण करने का कार्य कर रही है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। आने वाले समय में देश विकासशील नहीं विकसित देश कहलायेगा। आज घर-घर शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# वन अमले ने 1 लाख 33 हजार की अवैध सागौन और वाहन जब्त किया



**इछावर।** वन अमले ने पिछले दिनों ब्रिजिशनगर के जंगल में एक ट्रक एवं उसमें अबैध रूप से रखे सागौन के 58 नग जब्त किए हैं। जब्त सागौन लकडी का बाजार मूल्य 1 लाख 33 हजार रुपये के लगभग बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इछावर वन परिक्षेत्राधिकारी नवनीत झा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ वन माफिया ब्रिजिशनगर बीट में अबैध रूप से काटी गई सागौन सिल्लियों को एक ट्रक में लोड कर रहे है । रेंजर श्री झा ने एक टीम बनाकर मुखबिर द्वारा बताए गये स्थान पर भेजा। टीम ने क्षेत्र की घेराबंदी कर आरोपियों को पकडऩे का प्रयास किया , लेकिन आरोपी वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से फरार हो गए। वन अमले ने जब वाहन की तलाशी ली तो उसमें सागौन के 58 नग रखें होना पाया गया।

अमले ने वाहन सहित सागौन नग जब्त कर लिए। जब्त लकड़ी की कीमत 1.33लाख जबकि वाहन करीब 10 लाख कीमत का बताया जा रहा है। कार्रवाई दल में प्रमुख रूप से डिप्टी रेंजर अशोक चौहान, अशोक गोर, आशीष वर्मा, अर्जुन वर्मा , जय सक्सेना आदि शामिल थे।

## ग्राहकों को भेंट करेंगे राम मंदिर की कलाकृति




**सीहोर।** अयोध्या राम मंदिर को लेकर व्यापारियों में भी बड़ा उत्साह है। 22 जनवरी को अयोध्या में विराज रहे श्री राम लला जी की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर सभी भारतवासियों में बड़ा ही उत्साह दिख रहा है। हमारे शहर सीहोर में भी एक मोबाईल शॉप व्यापारी जिनकी दुकान का नाम प्रिंस मोबाईल शॉप है उन्होंने अपने दुकान के ग्राहकों के लिए राम मंदिर का सुंदर सी कलाकृति अपने ग्राहकों को भेट करने के लिए बनवाया है। जो इतना सुंदर है की शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। कोतवाली चौराहा स्थित प्रिंस मोबाईल शॉप के दुकान मालिक प्रिंस राठौर से चर्चा की तो उन्होंने बताया की वो भी राम भक्त है और इस खुशी के अवसर पर भेट स्वरूप अपने ग्राहकों के लिए राम मंदिर का सुंदर चित्र बनवा कर ग्राहकों को दे रहे है। मंदिर का चित्र मिलने से ग्राहकों में भी बड़ी प्रशंता है राम भक्त भी बड़े उत्साहित दिखे दिन भर लोग भी मंदिर के चित्र को देखने दुकान पहुंचे और बड़ी सराहना कर रहे है।

## विद्युत पोल को हटाए बिना ही किया जा रहा निर्माण



**दोराहा।** अहमदपुर से सिकंदरपुरा मार्ग का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहां पर ठेकेदार की मनमानी के चलते विद्युत खम्बे को हटाएं बिना ही सड़क बनाई जा रही है। जिस का विडियों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वही ग्रामीणों का कहना है कि बिजली के खंबे को बिना हटाए सड़क बनाई गई तो आए दिन हादसों का अंदेशा बना रहेगा। वही वाहन चालकों के साथ क्षेत्र के रहवासियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

# दाहोद-भोपाल-दाहोद एक्स. को ब्लॉक में भी चलाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दाहोद-भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस को निरस्त करने का फैसला रेलवे पलटने जा रहा है। दरअसल निशातपुरा यार्ड में ब्लॉक के कारण रेलवे ने इस ट्रेन को 9 से 17 जनवरी तक निरस्त करने की घोषणा की थी। इसके बाद से ही इसे लेकर नेगेटिव फीडबैक आ रहा है। इसी वजह से रेलवे अब इस ट्रेन को निरस्त नहीं करते हुए नियमित चलाने की कोशिश में लगा है। इसके लिए हेड क्वार्टर तक ईमेल दौड़ रहे हैं।

इन सारी कवायदों के दो बड़े कारण हैं, पहला दाहोद, रतलाम और उज्जैन से भोपाल के लिए दिन में एकमात्र यही सीधी ट्रेन है। दूसरा इस ट्रेन से बड़ी संख्या में आम यात्री और विभिन्न स्टेशनों से अप डाउन करने वाले कर्मचारी सफर करते हैं। रेलवे को अंदेशा है कि इस ट्रेन के बंद होने से यह लोग दूसरी ट्रेनों के स्लीपर कोच में घुसकर यात्रा करेंगे। इससे शिकायत और विवादों की संख्या बढ़ सकती है। एक-दो दिन में हेड क्वार्टर से ही हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। ऐसा हुआ तो इसके साथ ही 19711/19712 जयपुर- भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस को भी चलाया जा सकता है। इसे रेलवे ने 8 से 16 जनवरी तक निरस्त किया है। बता दे की भोपाल मंडल के निशातपुरा यार्ड में तीसरी लाइन का काम होना है इसके लिए रेलवे ने 8 से 17 जनवरी तक की 38 ट्रेनों को निरस्त कर दिया था। वहीं 14 ट्रेनों का रास्ता बदलकर चलाने का प्लान बनाया था।

# जिले में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा




**सीहोर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिले के ग्राम छिदगॉवमोजी, चैनपुरा, चंदपुरा, दिघवाडा सहित अनेक ग्रामों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। रहे। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा के दौरान केन्द्र और राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं लाभान्वित और नागरिकों को जागरूकता किया जा रहा है। इस यात्रा से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है।

### सभी वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के निर्देश

**सीहोर।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा परिवहन विभाग को जिले के समस्त वाहनों में 06 माह के भीतर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने के निर्देश दिए गए है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार समस्त शासकीय एवं अशासकीय वाहनों में एचएसआरपी 06 माह में अनिवार्य रूप से लगाई जाना सुनिश्चित किया जाए। न्यायालय द्वारा 01 अप्रैल 2019 से पूर्व निर्मित एवं पंजीकृत वाहनों पर तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के संबंध में प्रक्रिया निर्धारित की गई है। एचएसआरपी लगाने के लिए 15 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है।

# डीपीटी और टीडी टीकाकरण 15 जनवरी तक अभियान के रूप में चलाएंः प्रवीण सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विगत वर्ष 2019 में मीजल्स-रूबेला अभियान में जिले ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की थी। इसी को दृष्टिगत रखते हुये 5 वर्ष, 10 वर्ष एवं 16 वर्ष उम्र के किशोर बालक,बालिकाओं को टिटनस एवं अडल्ट डिप्थीरिया से बचाव के लिए जिले में 15 जनवरी 2024 तक तक डीपीटी, टीडी टीकाकरण अभियान आयोजित किया जाना है।

इसके लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी सम्बधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि डीपीटी, टीडी टीकाकरण अभियान को 15 जनवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। अभियान के अंतर्गत समस्त विद्यालयों सरकारी, निजी, अनुदान प्राप्त एवं मदरसे इत्यादि एवं आगंनवाडी केन्द्रों में निर्धरित आयुवर्ग के सभी बच्चों को एक निश्चित कार्ययोजना के तहत डीपीटी, टीडी, वैक्सीन के एक टीके से टीकाकृत किया जायेगा। अभियान की सफलता के लिए जनसंपर्क विभाग अभियान के तहत आयोजत कार्यक्रमों एवं टीकाकरण के महत्व के बारे में समय-समय पर व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाने का निर्देश दिये गये है। जिला स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय के लिए एक नोडल अधिकारी का नामांकन करें। प्रिन्ट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से 5 वर्ष, 10 वर्ष एवं 16 वर्ष उम्र के बच्चों एवं उनके परिवारजनों को टीकों के महत्व के बारे में बतायें और जन समुदाय को सजग करें एवं समुदाय को टीकों के संवेदनशील बनायें।₹दो बीमारियों को हरायेंगे, ये टीके जरूर लगायेंगे₹अभियान का वृहद प्रचार-प्रसार करें।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में चल रही श्री रामकथा

# धर्म की राह पर चलकर ही हो सकता है जनमानस का कल्याणः पं. हर्षित शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्री तुलसी मानस महिला रामायण मण्डल हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के तत्वाधान में आयोजित श्री राम कथा के अष्टम दिवस पर कथा सुनाते हुए ज्योतिष एवं भागवत सिंधु आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री ने कहा कि वह सीता जी का श्रृंगार करें, तो आज भगवान स्वयं एकांत का अनुभव करके आज भगवान ने पुष्प तोड़े हैं और उन पुष्पों को एकत्रित कर करके स्वयं भगवान ने सीता जी के श्रृंगार के लिए मांग के लिए मांग टीका बनाया। हाथ के लिए कंगन बनाएं पर के लिए पायल बनाई कमर के लिए कर दो ना बनाया। भुज के लिए बाजूबंद बनाया और भगवान माता सीता को धारण कर रहे हैं। समस्त देव समाज इसका दर्शन कर रखा है, तभी इंद्रपुत्र जयंती के मन में भव्य की भगवान नहीं हो सकते, तब विचार किया कि मैं आज बाल देखूंगा, तब जयंत कौवा बनकर आया और सीता जी के पैर के ऊपर चोंच मार दी। जिससे सीता जी के चरण से रुधिर निकला और वह रुधिर बहा कर राम जी के चरण पर लगा राम जी जान गए के जयंत हमारा बाल देखना चाहता है, तो राम जी जी कुश के आसन पर माता-पिता के साथ बैठे थे आज श्री राम जी ने उसे कुशल के आसान से दो कुश निकली एक का बांध बनाया एक का धनुष बनाया और उसे जयंत के पीछे ब्रह्मास्त्र के मंत्र से अभिमंत्रित करके छोड़ दिया जयंत 14 भवन तक दौड़ता रहा जब नारद जी मिले। तब नारद जी ने भाव प्रकट कराया और नारद जी ने कहा कि जाकर के श्री राम जी की चरणों में जाओ। तब जयंत राम जी के चरणों में गया और राम जी ने जयंत को क्षमा किया परंतु एक नेत्र को फोड़ दिया और आज भगवान श्री राम ने जयंत को समदृष्टि प्रदान करें आज की परम मंगल में कथा में आगे चलकर के बताया गया। भगवान यहां से आगे बढक़र के तेरी ऋषि के आश्रम पधारे जहां माता अनुसूया ने सीता जी को पतिव्रत धर्म का दिव्य उपदेश दिया भगवान अत्रि ऋषि से आज्ञा लेकर के वन में दैत्य का वध करते हुए आज आगे आए हैं और पंचवटी में आकर के भगवान निवास किए हैं। जहां पर एक दिन भगवान ने विचार किया कि अब रावण आने वाला है। अब लीला होगी इसलिए आज भगवान ने माता सीता को अग्नि को दे दिया और अग्नि से माया की सीता को अपने पास स्थित कर लिया इधर एक दिन सूर्पनखा आई और लक्ष्मण जी ने सूर्पनखा की नाक को काट दिया। सूर्पनखा क्रोधित होकर के रावण के पास गई रावण को समाचार दिया कि राम लक्ष्मण नाम के दो भाई है, जो वनवासी वश में अभी वन में है लगे दिखने में राजकुमार लगते हैं परंतु उनकी एक पत्नी है। बहुत सुंदर है भैया ऐसी सुंदरी तो आपके पास होनी चाहिए रावण इस बात का विचार करते हुए मरीज को सोने का हिरण बनाकर के लेकर आया और और स्वयं साधु का वेज बना लिया माता सीता के पास भिक्षा के लिए चला गया भगवान श्री राम हिरण के पीछे भागे लक्ष्मण जी श्री राम जी को देखने के लिए गए। लक्ष्मण रेखा बनाकर के परंतु यही रावण वेशधार कर आया और माता सीता को चल से हरण करके ले गया माता सीता जब गई तो जटायु जी ने उनको बचाने के प्रयास किया परंतु रावण ने चंद्रहास के प्रभाव से जटायु जी के पंखों को काट दिया। तब भगवान श्री राम सीता जी को ढूंढते हुए वहां पधारे भगवान को देखकर के जटायु ने प्रणाम किया और आज भगवान ने से जटायु जी को गति प्रदान करी भगवान जटायु जी को गति प्रदान करने के बाद शबरी मैया के पास गए और शबरी मैया के गुरु जी ने जो भाव बताए थे कि भगवान स्वयं तुम्हें दर्शन देने के लिए आएंगे माता शबरी को दर्शन देने के लिए भगवान आए जब माता शबरी गुरु जी ने बताया था कि साक्षात भगवान आएंगे। तब उनकी अवस्था युवावस्था थी और भगवान जब गए तब माता शबरी वृद्धा अवस्था को प्राप्त हुई भगवान भगवान शबरी की भक्ति को देखकर के प्रसन्न हुए आज शबरी ने भगवान के चरणों को पाखरा और बर भगवान को खिलाएं। यहां भगवान ने शबरी को बताया कि आपके पास नर्मदा भक्त है और उसे नवधा भक्ति का भगवान ने किया माता शबरी को भगवान ने भक्ति का दिव्य संस्कार प्रदान किया और शबरी भगवान का भजन करते हुए, भगवान के धाम को गई। आज कथा का है विश्राम दिवस पर आयोजक समिति ने सभी से सम्मिलित होने की अपील की है।

## भोपाल, सीहोर, रायसेन, विदिशा के जिला कुश्ती संघों के पदाधिकारी ने खेल मंत्री को दिया ज्ञापन

**सीहोर।** मध्य प्रदेश शासन के नवनियुक्त खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग जी₹ को मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ के नेतृत्व में भोपाल ज़िला कुश्ती संघ एवं अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल द्वारा सीहोर,रायसेन,विदिशा आदि कुश्ती संघ के पद अधिकारियों ने मध्य प्रदेश की कुश्ती के उत्थान हेतु ज्ञापन सौंपा। (प्रतिनिधि मंडल में भोपाल ज़िला कुश्ती संघ के अध्यक्ष नगर निगम के अतिक्रमण एवं स्पोर्टस अधिकारी क़मर साक़िब,ज़िला कुश्ती संघ के सचिव विश्वामित्र अवार्डि शाकिर नूर, प्रदेश की एकमात्र विक्रम अवॉर्डी अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच फातिमा बानो, सीहोर ज़िला कुश्ती संघ के अध्यक्ष विनय पटेले, सीहोर से कुश्ती खेल के विशेष सहयोगी डॉ.अनीश खाऩ,विदिशा ज़िला कुश्ती संघ के सचिव सुरेंद्र यादव, नगर निगम स्पोर्ट्स के जुल्फ़िकाऱ ख़ान,भोपाल ज़िला कुश्ती संघ के हरविलास शर्मा,शिवानंद बाथम ,लालु उस्ताद,राष्ट्रीय कुश्ती कोच अब्दुलउमेर, इशान खाऩ आदि उपस्थित थे। ज्ञापन के माध्यम से



पुरानी खेल नीति एवं राज्य कुश्ती अकादमी मैं सुधार किए जाने हेतु खेल मंत्री महोदय को अवगत कराया गया। जिससे प्रदेश के कुश्ती खेल की दिशा एवं प्रदेश में कुश्ती का विकास होना निश्चित होगा। जैसे कुश्ती खिलाड़ियों के अवार्ड संबंधी सुझाव एवं कुश्ती प्रशिक्षकों के सम्मान/प्रोत्साहन, नग़द राशि दिए जाने में भेदभाव सांथी राज्य कुश्ती अकादमी में बेवजह मुख्य सलाहकार के पद पर महा सिंह राव को रखे जाने के साथ-साथ चार-चार कोचों को अकादमी रखने के बाद भी अकादमी के पहलवानों का रिज़ल्ट शून्य स्तर पर रहने एवं अकादमी के कोचों को अपने परफॉर्मेंस दिखाने के लिए देश की अन्य स्कीमों (साइ,खेलो इंडिया,जे.एस.डब्ल्यू.) आदि स्कीमों या हरियाणा के किसी अन्य कुश्ती सेंट्रो में प्रेक्टिस करने वाले के पहलवानों को अपना बताकर कुश्ती अकादमीके सांथ कर रहे धोखे का विस्तार से उल्लेख किया है। मध्य प्रदेश से बाहर के मुख्य सलाहकार एवं अन्य कोचों कि कुश्ती अकादमी से बॉयकॉट किए जाने की मांग की गई है। इस संबंध में मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अध्यक्ष मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ से भी शीघ्र मिलकर ज्ञापन सौंपेगा।

हाइवे किनारे पसरे अतिक्रमण हटाने पर दुकानदारों के साथ परिजनों ने दिया धरना

# अतिक्रमण में हटाए गए लोगों की उचित व्यवस्था की जाएगी : पंवार





ब्यावरा के फुंदा मार्केट में प्रशासन ने कल हटाई थी सैकड़ों दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शहर से हाइवे द्वारा निकाले गए बायपास पर वर्षों से अपना छोटा-छोटा रोजगार कर जीवनयापन कर रहे दुकानदारों पर प्रशासन द्वारा हटाए जाने पर विरोध बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जिसके बचाव में पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी एवं पुरूषोत्तम दांगी ने आकर दुकानदारों के हित में अपनी बातें रखी परंतु प्रशासन ने दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र होने की बजह से अवैध अतिक्रमण को हटाया। अतिक्रमण में हटाए गए लोगों के प्रति मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री ने अतिक्रमण में हटाए गए लोगों की उचित व्यवस्था कराए जाने की बात कही है। वहीं ब्यावरा एसडीएम गीतांजली शर्मा ने धरने पर बैठे दुकानदारों और उनके परिजनों से बात कर उन्हें मंत्री पंवार की सहानुभूति पूर्ण बात से अवगत कराया, परंतु अतिक्रमणकारी अपनी बात पर अड़े रहे।

### दुकानदारों ने प्रशासन पर लगाए द्धेष पूर्ण कार्रवाई के आरोप

दुकानदारों ने प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को द्धेष पूर्व बताते हुए एक तरफा बताया। धरने पर बैठे कई युवाओं ने इसको रोजगार से जोड़कर बताया और प्रशासन पर बेराजगार करने का आरोप लगाया।

### इनका कहना है...

पिछले 7 दिनों से मुनादी कराई जा रही थी फिर भी दुकानदार अपनी हठधर्मिता पर अड़े हुए हैं। दुर्घटना ग्रस्त क्षेत्र होने के कारण हाइवे के किनारे अतिक्रमण सुरक्षित नहीं है, इसलिए कार्रवाई की जा रही है।

**गीतांजली शर्मा, एसडीएम ब्यावरा**

# चौकीदार की मिलीभगत से हुई थी खोयरी महादेव मंदिर में चोरी

## कोतवाली पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गत दिवस नगर के प्राचीनतम खोयरी महादेव मंदिर में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। यह चोरी मंदिर के ही चौकीदार की मिलीगत से तीन चोरों ने मिलकर की थी। पुलिस ने तीनों चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनसे दानपेटी से चुराई गई राषि भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार 31 दिसंबर की दरम्यानी रात्रि अज्ञात चोर खोयरी महादेव मंदिर की दो दानपेटियों का ताला तोड़कर चढ़ावे की राशि चुरा ले गए थे। घटना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी चेक किए जिनके आधार पर मंदिर में नियुक्त चौकीदार चैनसिंह भील पर संदेह गया था। टीआई वीरसिंह ठाकुर ने बताया कि चौकीदार से पूछताछ शुरू की गई लेकिन वो लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने सच कबूल कर लिया। उसने बताया कि जूनापानी निवासी ललित भील, बजेसिंह भील एवं अमरसिंह भील के साथ मिलकर इस चोरी को अंजाम दिया गया था।


रात्रि में दो दानपेटियों के ताले तोड़कर निकाली दानराशि

सीसीटीवी से पड़ताल में लगी पुलिस, चार ने मिलकर की वारदात

चोरों के निशाने पर मंदिर, अब खोयरी महादेव की दानपेटियां तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

बीते कुछ महीनों से मुख्यालय के मंदिरों को चोर लगातार अपना निशाना बना रहे हैं। चोरों ने इस बार नगर के प्राचीन खोयरी महादेव मंदिर में वारदात को अंजाम दिया है। रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात्रि चोर मंदिर परिसर एवं गर्भगृह में रखी 2 दानपेटियों के ताले तोड़कर दानराशि सहित अन्य कुछ सामान चुरा ले गए। सुबह मंदिर के चौकीदार ने चोरी की सूचना पुजारी उमेष शर्मा के घर पहुंचकर दी। बाद में पुजारी सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी किस्सू कोसरवाल, मुकेश विजयवर्गीय व अन्य कोतवाली थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करवाई। सूचना के बाद पुलिस मंदिर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ साल पूर्व भी खोयरी महादेव मंदिर परिसर स्थित सामुदायिक भवन में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था।

पेटी को पानी की टंकी के पीछे ले जाकर चटकाया ताला

खोयरी महादेव मंदिर के गर्भगृह के आगे हॉल में एक बड़ी दानपेटी पिलर के पास रखी थी। चोर इस पेटी को हाथों से खसकाते हुए मंदिर के पीछे बनी पानी की टंकी के यहां ले गए और ताले तोड़कर पूरा चढ़ावा निकाल लिया। चोरों ने मंदिर के गर्भगृह में रखी एक अन्य दानपेटी को भी अपने साथ ले गए और थोड़ा आगे पहाड़ी पर उस पेटी का का ताला तोड़कर रुपए-पैसे निकालकर पेटी वहीं फेंक गए। बाद में पुलिस की खोजबीन में टूटे ताले समेत यह पेटी वहां पड़ी हुई मिली।

डेढ़ वर्ष पूर्व 14 पंखे हुए थे चोरी

खोयरी मंदिर परिसर में ही एक सामुदायिक हॉल है जहां विभिन्न कार्यक्रम आदि होते हैं। करीब डेढ़ साल पहले इस हॉल की छत पर लगे 14 पंखों को चोर निकालकर ले गए थे। चोरों ने बाकायदा पंखों के नटबोल्ट खोलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। इस चोरी का भी आज तक पता नहीं चल पाया है।

सीसीटीवी में नजर आ रहे चोर लोग

मंदिर परिसर में लगे हुए सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने अपनी पड़ताल शुरू की है। सीसीटीवी में रात्रि करीब 12 बजे तीन, चार चोर नजर आ रहे हैं। पिलर के समीप रखी दापेटी के समीप उनकी परछाई भी नजर आई पर चेहरे स्पष्ट नहीं हो पा रहे हैं।

सीसीटीवी से सुराग लगे हैं

सीसीटीवी से कुछ सुराग लगे हैं। चौकीदार से भी पूछताछ कर रहे हैं। जल्द चोरी का पता चल जाएगा।

- वीरसिंह ठाकुर, टीआई कोतवाली, राजगढ़

### पुलिस ने बरामद की चोरी की राशि

पुलिस ने बताया कि चोरों को दोनों दानपेटियों से 2150 रुपए मिले थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गई राशि बरामद कर ली है। पुलिस की इस सफलता में टीआई सहित समीर खान, जैलसिंह, दिनेश गुर्जर, राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, शशांक, खेमेंद्र, ललित तोमर, गोपाल की भूमिका रही। टीआई ठाकुर ने बताया कि नगर के अन्य मंदिरों में हुई चोरी के संबंध में भी जांच-पड़ताल जारी है। जल्द उन चोरियों का भी खुलासा किया जाएगा।

# भगवान श्रीराम ने समाज को मर्यादा में रहकर दिशा देने का काम किया : राज्यमंत्री टेटवाल



**सारंगपुर।** भगवान श्रीराम मात्र सनातनियों के ही नहीं अपितु पूरे मानव मात्र के हैं। उन्होंने मर्यादा में रहकर समाज को दिशा देने का कार्य किया है। यह बात शनिवार को ब्लॉक कॉलोनी में सेवा सदन के नाम से विधायक कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ने कही। उन्होंने कहा कि 500 साल के बाद 22 जनवरी को ऐसा अवसर आया है जब समग्र हिंदू समाज दीपावली मनाएगा 22 जनवरी को सभी अपने-अपने मंदिरों तथा घरों की साफ सफाई कर रंग रोगन कर घरों के तथा मंदिरों के सामने रंगोली बनाकर दीपमाला तथा फूल एवं पत्तों के तोरण बनाकर सजाएंगे तथा जब 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे अयोध्या के भव्य राम मंदिर में विराजित होंगे तब आतिशबाजी कर दीपक जलाकर हम सभी उत्सव मनाएं।

# अधिकारी नियम कम बताएं काम ज्यादा करें : विधायक

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची कुरावर, विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

नगर में शुक्रवार को दोपहर 3 बजे के करीब साइज क्या है सेकंडरी विद्यालय प्रांगण में नगर परिषद कुरावर के माध्यम से भारत विकसित संकल्प यात्रा का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथियों ने कर एवं कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग राजस्व विभाग नगरीय प्रशासन विभाग ने अपने-अपनी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कुलदीप किंशुक को मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर परिषद के द्वारा अभी तक प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि नगर में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ठप्प है। उन्होंने मंच से विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अजय बघेल एवं बाबू चंद्रवंशी से कहा कि वह समय पर व्यवस्था को ठीक करें, साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि वह मेरे क्षेत्र की जनता को नियम काम बताएं और काम ज्यादा करें। यदि




क्षेत्र की जनता को परेशानी होगी तो मुझे परेशानी होगी। हम आगे भी आने वाले समय में कुरावर नगर परिषद को कुरावर नगर पालिका का दर्जा दिलवाने वाले हैं। यह हमारा सपना है उन्होंने कुरावर नगर में महाविद्यालय खेल मैदान एवं नवीन बस स्टैंड के निर्माण की बात भी कही। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाली 22 जनवरी को कुरावर नगर को अयोध्या में बना दें उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उसे व्यक्तित्व की संज्ञा दी जिन्होंने देश में राम राज्य की स्थापना भी की है। साथ ही उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह एवं भाजपा सरकार को धन्यवाद दिया। जिन्होंने कुरावर ग्राम पंचायत को नगर परिषद का दर्जा दिया था।

# दृष्टि बाधित व्यक्ति से अभद्रता करने वाले बस कंडक्टर पर मामला दर्ज



खबर का असर

**नरसिंहगढ़।** नरसिंहगढ़ से ब्यावर की ओर जाने वाली अमन बस में सफर कर रहे दृष्टिबाधित युवक के साथ अभद्रता करने वाले बस कंडक्टर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। हरिभूमि ने प्रमुखता से इस खबर को प्रकाशित किया था] जिसका असर अब देखने को मिला है। पीड़ित युवक ने बीते दिनों नरसिंहगढ़ थाने में मामले की शिकायत की थी। जांच के बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई की पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक अजय जोशी पिता धन्नालाल जोशी निवासी बड़ा बाजार उम्र 24 वर्ष बीते माह 13 दिसंबर को अमन बस क्रमांक एमपी 04 पीए0568 में बैठकर राजगढ़ जा रहा था। बस कंडक्टर ने युवक से पैसे मांगे तो उसने दृष्टिबाधित प्रमाण पत्र दिखाते हुए किराए में 50: की छूट होने की बात कहते हुए आधा किराया देने की बात कही लेकिन कंडक्टर ने उसकी बात नहीं मानी और पूरा किराया वसूलने के साथ उसके साथ अभद्रता भी की। बस कंडक्टर ने युवक को बीच रास्ते में ही उतार दिया था हालांकि लोगों के कहने पर उसे वापस बस में बैठा लिया गया। इन सब से आहत युवक ने थाने में उक्त वक्त कंडक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी पुलिस ने कंडक्टर पर भादवी धारा 352 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए अभियान 22 जनवरी तक

## अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**राजगढ़।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 6 जनवरी से शुरू हो गई हैं। इसके तहत शनिवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आहूत कर उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप प्रति उपलब्ध कराई गई। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन भी कर दिया गया है।

पुनरीक्षण अभियान के दौरान सभी बीएलओ 6 जनवरी से 22 जनवरी तक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहेंगे। इस अवधि में मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन बीएलओ द्वारा लिए जाएंगे। बैठक में कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने बताया कि 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को षिविर लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

### 22 जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदन

कलेक्टर दीक्षित ने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं।

### 8 फरवरी को होगा सूची का अंतिम प्रकाशन

बैठक में बताया गया कि जिले में वर्तमान में कुल मतदाताओं की संख्या 1149385 है। साथ ही 1378 मतदान केन्द्र हैं। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



एनएच 52 गंगा होटल के सामने अज्ञात की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नेशनल हाइवे 52 पर रांग साइड पर जा रहा बादल पिता मुंशीलाल निवासी अमलावत उम्र 22 साल को गंगा होटल के सामने अज्ञात वाहन ने टक्कर मर दी, जिसमे युवक की मौत हो गई ।100 डायल के माध्यम से स्थानीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए भेजा।

# यातायात व्यवस्था नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अब होगी सख्त कार्रवाई

## कल से लागू होंगे नगरपरिषद के नए नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶पचोर

पचोर शहर में यातायात को दुरूस्त करने अब न्गरपरिषद नगर पचोर ने कमर कस ली है। जिसमें नगर में पशु बाजार से लेकर फल, सब्जी, सीमेंट, एवं चार पहिया या बड़े वाहनों के आवागमन पर भी परिषद के नियम लागू होंगें। यह नियम सोमवार से लागू होंगे और उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### यह रहे नए नियम, जिनका करना होगा पालन

- पशु हाट बाजार में आने जाने वाले संपूर्ण वाहनों की आवक जावक पानिया रोड बायपास से रहेगी।
- बस स्टैंड पर फल दुकानदार अपनी दुकान में ही दुकान लगाएं। दुकान के बाहर फलों की बिक्री एवं नीलामी नही करें अन्यथा सामग्री जब्त कर चालानी कार्रवाई की जाएगी।
- सरिया, सीमेंट, खाद या अन्य सामग्री के बड़े वाहन सुबह 8 बजे से रात्रि 09 बजे तक नगर मे खाली नही होंगे।
- गांधी चौक से पुराना बस स्टैंड तक के मार्ग का उपयोग चार पहिया व अधिक पहिया वाले वाहनो के लिये एकांकी मार्ग (वन-वे) के रूप मे बस स्टैण्ड जाने के लिये किया जाएगा।
- नये बस स्टैण्ड, पुराने बस स्टैण्ड, गांधी चैक एवं अन्य व्यस्ततम मार्गो पर घर एवं दुकानो के सामने खड़े हुए वाहन तत्काल हटाकर अपनी निजी स्थान पर खड़े करे अन्यथा चालानी कार्यवाही की जाएगी।
- नगर के समस्त निवासी, होटल या अन्य समस्त दुकानदार कचरा खुले में नही फेकेंगे अन्यथा चालानी कार्यवाही की जाएगी।
- नगर के समस्त मार्ग पर छत का पानी खुले मे नही निकाला जावे। छत के पानी बंद पाईप द्वारा नाली मे छोड़ा जाए।
- बस स्टैंड पर खड़े होने वाले पीकप एवं अन्य छोटे सवारी वाहन तहसील के पीछे बड़े पुल के पास पार्किंग किए जाएं।

# नवागत डीईओ से मिला शिक्षक संगटन का प्रतिनिधिमंडल



**राजगढ़।** मप्र शासकीय शिक्षक संगटन के जिला स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को नवागत जिला शिक्षाधिकारी देवेंद्र सिंह रघुवंशी से भेंट की। इस दौरान षिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर उनसे चर्चा की गई। जिला शिक्षाधिकारी रघुवंशी ने कहा कि सभी को मिलकर जिले की शैक्षणिक सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का प्रथम दायित्व बच्चों की पढ़ाई है जिसे प्राथमिकता में रखते हुए अपने-अपने स्कूलों का रिजल्ट उत्कृष्टतम लाने का प्रयास करें। बच्चों के अंदर की अन्य प्रतिभाओं को कैसे निखारें, इसको लेकर भी स्कूलों में समय-समय पर गतिविधियां आयोजित की जाएं। शिक्षकों एवं अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं का नियमानुसार निराकरण का आष्वासन भी उनके द्वारा दिया गया। इस अवसर पर महेंद्र सिंह परमार, उत्कृष्ट प्राचार्य महेश गुप्ता, संगटन जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणावत, कमल सिंह चौहान, रामबाबू शर्मा, नीतिश शर्मा, मांगीलाल चौहान, गिरिराज भलवाला, रोहन वर्मा, मनोज शर्मा, राजेंद्र सिंह खिंची, मनोहर सिंह परमार सहित अन्य उपस्थित थे।

सुठालिया पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले राज्यमंत्री...

# कर्मचारी ध्यान से हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण करें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶सुठालिया

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को मिले। इसके लिए बीते दिनों शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन शनिवार को नगर के जीन मैदान पर किया गया। जिसमें मप्र शासन के नवनियुक्त मत्स्य पालन एवं मछुआ कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी ध्यान से हितग्राहियों की समस्याओं का तुरंत निराकरण करें हम लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे।

वहीं उन्होंने कहा कि राशन वितरण में भी शिकायत नहीं आना चाहिए उन्होंने उपभोक्ता भंडारों के संचालकों से भी कहा कि अपनी राशन वितरण व्यवस्थाओं को सुधरे. इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी विभागों की योजनाओं का अधिकारी कर्मचारी हितग्राहियों



को समुचित लाभ प्रदान करें वहीं उन्होंने बंटवारा नामांतरण सहित सभी विभागों के प्रमुखों को स्पष्ट दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह का कोई भी काम विभागों में पेंडिंग नहीं रहे इस दौरान श्री पवार ने कहा की करते हुए कहा कि आजादी के बाद से ही कांग्रेस की सरकार लंबे समय तक देश में रही लेकिन ग्रामीण क्षेत्र का विकास नहीं हुआ केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकारी बनते ही ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि गांव को सड़कों से जोड़ने के लिए वाजपेई जी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना चलाई। वही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने भी गरीब वर्गों के लिए काफी योजनाएं संचालित की हे उन्होंने कहा कि देश में 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है जो आगामी पांच वर्षों तक जारी रहेगा। उन्होंने इस दौरान पूर्ववर्ती सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके नेता सिर्फ वोट के समय ही आते हैं और लोगों को बरगला कर वोट ले लेते हैं लेकिन विकास का कार्य कुछ नहीं करते।

इस दौरान कार्यक्रम को पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव नारायण सिंह सालरिया खेड़ी नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि गिराज लोधी आदि ने भी संबोधित किया. स्वागत भाषण देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने शासन द्वारा चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी वहीं कार्यक्रम में नगर के हितग्राहियों को हित लाभ भी विकसित किए गए। परलापुरा दुर्गा स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया इस मौके पर भाजपा नेता अशोक अग्रवाल भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा कुशवाह मान सिंह टोंका राकेश शिवहरे बने सिंह पंवार मंडल अध्यक्ष पदम सिंह लोधी, महेश पालीवाल ओम पालीवाल पार्षद गण सहित शासकीय विभाग के अधिकारी कर्मचारी मोजूद थे।

# 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनेगा स्वामीजी का जन्मदिवस

**राजगढ़।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एवं स्वामी विवेकानंद पर केंद्रित प्रेरणादायी, शैक्षिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र दांगी की अध्यक्षता में आयोजन की तैयारियों को लेकर स्वयंसेवी संगठनों, आम नागरिकों की बैठक आयोजित कर विस्तृत निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि युवा दिवस पर महाविद्यालयों, पंचायतों, आश्रम शालाओं में प्रातः 9 बजे से 10.30 तक सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत तथा मध्यप्रदेष गान का सामुहिक गायन होगा तत्पष्चात रेडियो के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री का जनता के नाम रिकार्डेड संदेश प्रसारित किया जाकर सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम संपन्न होगा। यह समस्त कार्यक्रम सभी शिक्षण संस्थाओं में एक साथ होंगे। इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों एवं जनसामान्य की उपस्थिति सुनिष्चित की जाएगी।

खबर संक्षेप

## अभिषेक शांति धारा के साथ की पूजा-अर्चना



**आष्टा।** पौष कृष्णा पक्ष ग्यारस को जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु जी व तैईसवें तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक दिवस जैन धर्मावलंबियों द्वारा सभी दिगंबर जैन मंदिरों में भक्तिभाव से मनाया गया।जावर, मेहतवाड़ा, कोठरी, अमलाह, मैना के जैन मंदिरों में भी भगवान चंद्र प्रभु और पार्श्वनाथ के दो कल्याणक मनाएं गए। इस पावन दिवस के अवसर पर सभी मंदिरों में दोनों भगवान के अभिषेक ,शांति धारा सहित पूजा -अर्चना भक्ति भाव के साथ कर आरती भी की गई। नगर के दिगंबर जैन मंदिर अतिशयकारी श्री 1008 श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर जी, श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज एवं अलीपुर तथा शांति नगर स्थित मंदिर में श्रावकों ने अभिषेक, शांति धारा चंद्र प्रभु एवं पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा पर कर विश्व में सुख समृद्धि एवं शांति की मंगल कामना की।इस अवसर पर काफी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

## स्वच्छता बनाए रखने लोगों को किया जागरूक

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए अनेकों अभियान चलाकर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। लोगों को अपने घरों में अलग-अलग कचरे के लिए अलग-अलग डिब्बे रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने, गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा शहर को स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया।

### श्री राम कथा का समापन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे मौजूद

# कितने ही बड़े विवाह आयोजन में जाओ जूते पहनकर भोजन मत करना: गोविंद जाने

श्री राम कथा के सातवें और अंतिम दिन में शीत लहर के चलते हुए भी महिला श्रद्धालु और आसपास के क्षेत्र से भारी संख्या में श्रवण करता पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आस्था नगर में चल रही अमृत में संगीत में श्री राम कथा के सातवें और अंतिम दिन में शीत लहर के चलते हुए भी महिला श्रद्धालु और आसपास के क्षेत्र से भारी संख्या में श्रवण करता पहुंचे। अंतिम दिन श्री राम कथा में श्री राम के वनवास पर मुख्य रूप से प्रकाश डालते हुए अमृत वचन कहे, जब समय हमारे विपरीत हो तब भी साधना का कम नहीं होने दे अपने नियम को भंग नहीं होने देने वाले व्यक्ति को ही सच्चा साधक कहा गया है। जिस प्रकार समय-समय पर पौधे को पानी देने से वह हरा-भरा बना रहता है उसी प्रकार हमारे शरीर रूपी पौधे में हरी नाम की भक्ति से सिंचित करोगे तो यह भी मनुष्य रूपी पौधा सूख नहीं पाएगा अगर इसके विपरीत आपके शरीर में प्रेम नहीं है भक्ति नहीं है मोह लालच बड़ा हुआ है तो समझो आपका पौधा सूखने लगा है,आवत ही हरषै नहीं नैनन नहीं सनेह।



तुलसी तहां न जाइये कंचन बरसे मेह। जिस स्थान पर लोग आपके जाने से प्रसन्न न होवें और जहाँ लोगो कि आँखों में आपके लिए प्रेम अथवा स्नेह ना हो ऐसे स्थान पर भले ही धन की कितनी भी वर्षा ही क्यूँ ना हो रही हो आपको वहां नहीं जाना चाहिए। जिस व्यक्ति ने अपने खेत की पहली फसल मंदिर में चढ़ा दे या साधु संत को थोड़ा सा दान कर दे वह परिवार हमेशा खुश रहता है उनके घर कभी कष्ट नहीं आते, आपका अन धन भंडार भगवान भर देता है, हमेशा मुस्कुराता रहना चाहिए मुस्कुराना ही सबसे बड़ी पूंजी है जी मन में हमेशा प्रसन्नता रहती है समझो उसके अंदर सब रोगों से लड़ने की हस्ती होती है जो दूसरों की खुशहाली पर जलन नहीं करते हैं वह फलदार वृक्ष होते हैं जो दूसरे की खुशी पर दुखी हो वह सूखे हुए पौधे की तरह सूख जाते हैं, जब तक हमारे शरीर में दम है हमारे हाथ पैर कान बुद्धि सलामत है तब तक हमको हरि भजन कर लेना चाहिए कभी भी बुढ़ापे का इंतजार नहीं करना चाहिए जिस महिला के अंदर बुद्धि कमजोर साधना कमजोर हो परोपकार की कमी हो और कान भरने में मजबूत हो वह मनथरा का रूप होती है उसे कभी सुख नहीं मिलता है, वही राम वनवास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सजि बन साजु समाजु सबु बनिता बंधु समेत। बंदि बिप्र गुर चरन प्रभु चले करि सबहि अचेत वन का सब साज-सामान सजकर वन के लिए आवश्यक वस्तुओं को साथ लेकर श्री रामचन्द्रजी श्री सीताजी और भाई लक्ष्मणजी सहित, ब्राह्मण और गुरु के चरणों की वंदना करके सबको अचेत करके चले।

रामचरितमानस ब्रह्म को जीव से जोड़ने का एक पुल है एक माध्यम है रामचरित के माध्यम से हम भवसागर के पुल को पर लगा सकते हैं। जब कोई महापुरुष और कोई संत किसी को यह बोल दे कि तू मेरा है तो समझना भगवान भी उसकी रक्षा करता है, जहां मर्यादा कूट-कूट कर भरी है वह अयोध्या है जहां मर्यादा बढ़ती है वह संस्कार और साधना है, ब्यूटी पार्लर तो आपकी शक्ल बदलता है अगर अंतर मन से आपको सुंदर बना है तो रामचरितमानस के ब्यूटी पार्लर को घर में सजा लो आपकी सात पीढ़ियों की सुंदरता बढ़ जाएगी, जिनके श्रवण समुद्र समाना, विधि,हरि, शम्भु नचावन हारे।जिनके कान और साइज़ समुद्र जैसे हैं कथा सुन सुनकेभी जो अघाते नहीं थकते नहीं उनके हृदय में रहना चाहिए। हमेशा सनातन धर्म के संविधानों का पालन करना चाहिए आप अच्छे विचारों के धनी हो जाओगे कभी भी अन्न भोजन का अपमान नहीं करना चाहिए ना ही जूते पहनकर ग्रहण करना और परोस गारी करना दोनों ही अशुभ माने जाते हैं, गुरुदेव ने गुरु मंत्र देकर कहा कि 24 घंटे में कम से कम एक बार तो किसी मंदिर या देव स्थान पर जरूर जाना चाहिए कई बार मुख से ओम नमः शिवाय और ओम नमो भगवते वासुदेवाय का उच्चारण होना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी अनोखीलाल खंडेलवाल, कैलाश सोनी जय श्री ज्वेलर्स, डॉ मनोज नागर, बंटी मेवाड़ा, चेतन वर्मा ,चेतन सिंह ठाकुर, राजा मेवाड़ा, जुगल पटेल, चन्दर सिंह ठेकेदार, शोभाल सिंह मुलगी, सोनू गुणवान, जितेंद्र सिलोटिया, महादेव मंडल की संध्या बजाज, गीता राठौर, भगवती सोनी, मंजू राठौर, विनीता महेश्वरी, मनीषा नगर, शेष वाला शर्मा, अनीता सेन, कृपाल सिंह पटाडा, विजय खंडेलवाल ,कमल ताम्रकार, लखन पाटीदार ,तेजपाल मुकाती ,राधेश्याम दाऊ, देवराज परमार, राकेश वर्मा मांडली, दिनेश वर्मा ढकनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# हिट-एंड-रन कानून के विरोध में ड्राइवरों ने निकाली रैली

### प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हिट एंड रन मामले में सख्त कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल आष्टा में जारी है। शनिवार को दोपहर 12 बजे पश्चात पार्वती पुल के समीप पुराने मछली मार्केट से ट्रक ड्राइवरों द्वारा रैली निकालकर तहसील कार्यालय में पहुंचकर उक्त कानून के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम आनंदसिंह राजावत को सौंपा ।

दोपहर 3 बजे बाईपास पर धरना दिया । सरकार के उक्त कानून के विरोध में आष्टा के ट्रक ड्राइवर संगठन के बैनर तले जमकर नारेबाजी रैली मार्ग पर भी की गई। वहीं बाहर के ट्रकों से कृषि उपज मंडी के व्यापारियों का माल गंतव्य स्थल तक आंदोलन के दौरान भी निकला। ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष फारूक ने बताया कि शनिवार 6 जनवरी से बाईपास के समीप इंडियन ढाबे के समीप शामियाना लगाकर सरकार के काले कानून के विरोध में धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया। उसके पूर्व पार्वती पुल के समीप स्थित पुराना मछली मार्केट ट्रक पार्किंग स्थल से एक जुलूस निकालकर भोपाल नाका से कन्नौद रोड मार्ग होते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रशासन को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन दिया ।तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से धरना प्रदर्शन प्रारंभ हुआ। उन्होंने उक्त काले कानून के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। नगर के 60 से अधिक ट्रकों के पहियों के चक्के हिट एंड रन कानून की घोषणा होने के बाद से ही ट्रक ड्राइवर की हड़ताल के कारण जाम है। इससे बाहर सामान भेजने वाले ट्रक मालिक परेशान हैं। बाहर के ट्रकों से यहां पर माल अवश्य आ रहा है और बाहर के ट्रकों में कृषि उपज मंडी से व्यापारियों की उपज गंतव्य स्थल पर भी भेजी जा रही है। वहीं ट्रक हड़ताल का असर नगर के व्यवसाय पर दिखने लगा है।

## मधुमेह की सही समय पर पहचान एवं उपचार संभव

**सीहोर।** मधुमेह एक ऐसी बीमार है जिसके लक्षण सामान्य होते हैं पर यह धीरे-धीरे शरीर को कमजोर कर देता है। यह बीमारी सीडेंटरी लाइफ स्टाइल, अनहेल्दी फूड खाने एवं आनुवांशिक भी होती है। धीरे-धीरे मधुमेह के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसे जन जागरूकता के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। मधुमेह की सही समय पर पहचान उसके उपचार एवं जन जागरूकता के मध्यम से मधुमेह रोगियो की स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से रोगियों का उपचार किया जा सकता हे।

# विधायक ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शासकीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से भेंट की एवम अस्पताल में मशीनरी और अधिकारियों कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए की लापरवाही कताई बर्दाश्त नहीं होगी।

वहीं अस्पताल में रोगियों इलाज के लिए सभी प्रकार की सुविधाओ की व्यवस्था करने का पुरा प्रयास करुंगा। रोगी कल्याण समिति की बैठक में पधारे विधायक ने अपने तीखे तेवरों से अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया साफ सफाई व्यवस्था हो या मरीजों की ईलाज की बात कही भी कोतूहली नही होना चाहिए। मरीजों से भेंट कर उनके हालचाल पूछा और उनसे चर्चा की। इस अवसर पर वरिष्ठ जन अस्पताल के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# एचआर परमाल ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इस वर्ष लोकसभा चुनाव होना है। ऐसे में देवास शाजापुर लोकसभा सीट से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एचआर परमाल ने भी ताल ठोकना शुरु कर दिया है। बीते दिनो पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मुलाकात कर लोक सभा चुनाव को लेकर चर्चा की है। ऐसे में कांग्रेस नेता एचआर परमाल की पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात के बाद इन चर्चाओं को हवा मिली है की कांग्रेस यदि एचआर परमाल को अवसर देती है तो देवास शाजापुर लोकसभा सीट से परमाल को चुनाव लड़ता हुआ देखा जा सकता है। वहीं कांग्रेस नेता एचआर परमाल के राजनितिक जीवन पर नजर दौड़ाई जाय तो लंबे समय से कांग्रेस में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे है मालवीय बलाई समाज में जाना पहचाना नाम है जो आष्टा विधानसभा से ज़िला पंचायत सदस्य भी रह चुके है। वहीं आष्टा विधानसभा से लम्बे समय से कांग्रेस से दावेदारी पेश करते आए है। लेकीन कांग्रेस ने अब तक एचआर परमाल पर भरोसा नही जताया है। लिहाजा इस बार कांग्रेस लोक सभा चुनाव में परमाल को मोका दे सकती है। आपको बता दें की फिलहाल देवास शाजापुर लोकसभा सीट पर भाजपा का कब्जा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में स्वर्गीय मनोहर ऊंटवाल जहां ढाई लाख मतों से विजय हुऐ थे।

पिछले लोकसभा चुनाव में जज की नौकरी छोड़ राजनीति में इंट्री कर भाजपा के टिकट से लोकसभा चुनाव लड़कर कांग्रेस प्रत्याशी प्रसिद्ध कबीर भजन गायक टिपानिया प्रहलाद टिपानिया को तीन लाख 72 हजार 249 मतों के बड़े अंतर से हराया था। वही इस लोकसभा सीट में देवास, शाजापुर, सिहोर, आगर की 8 विधान सभा सीट आती है।

## विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया सम्मान

**आष्टा।** स्थानीय भोपाल नाका पर सात दिवसीय श्रीराम कथा के चैथे दिन संत गोविंदजाने के मुखारबिंद से श्रीराम जन्मोत्सव की कथा का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रवण किया गया। इस अवसर पर कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी अपने साथियों के साथ कथा स्थल पर पहुंचे, जहां नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में सनातन धर्म का प्रमुख ग्रंथ रामायणजी की पूजा-अर्चना कर संत गोविंद जाने का स्वागत सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीराम जन्मोत्सव कथा के अवसर पर पूरा पांडाल जय-जय श्रीराम की गूंज से गूंजायमान हो उठा। संत श्री गोविंद जाने ने श्रीराम के जन्मोत्सव पर विस्तारपूर्वक श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण कराया। कालापीपल विधानसभा क्षैत्र के ऊर्जावान एवं लोकप्रिय विधायक घनश्याम चंद्रवंशी का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा नगरपालिका कार्यालय में पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही अत्याधिक वोटों के अंतराल से विजयी होने पर शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, महेन्द्रसिंह इंजीनियर, मनीष धारवां, दौलत चैधरी, पवन वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हायर सेकंडरी स्कूल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इस बार शासन एवं शिक्षा विभाग का ध्यान बोर्ड परीक्षाओं सहित अन्य परीक्षाओं में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने पर है। इसीलिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निरीक्षण करने के लिए भेजा जा रहा है और निरीक्षण के दौरान वह क्लास में विद्यार्थियों से रूबरू होकर उनकी शंकाओं का समाधान भी करते हैं।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने शनिवार को नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी विद्यालय में औचक निरीक्षण कर छात्राओं से शिक्षा के संबंध में चर्चा की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित थे। श्री राजपूत द्वारा कक्षा दसवीं में छात्राओं को वार्षिक परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए सुझाव दिए गए। छात्राओं ने उन सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और समझा। निदानात्मक कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य अमर सिंह परमार द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला भूपोड, बड़ोदिया गाडरी, लसूडिया विजय सिंह का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया। जिसमें छात्रों की संख्या कम होने पर छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया।

# मां पार्वती धाम गौशाला समिति ने किया संत श्री का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मालवामाटी के संत श्री गोविंद जाने जी के मुखारविंद से संगीतमय श्री राम कथा का अमृतमय ज्ञान गंगा का आष्टा नगर एवं अंचल वासियों को रसपान कराते हुए व्यासपीठ श्री राम पोथी ग्रंथ का पूजन आरती कर मालवामाटी के संत गोविंद जाने का मां पार्वती धाम गौशाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, पूर्व पार्षद व गौशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा ने संत श्री को मुकुट, शाल-श्रीफल भेटकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अनोखी लाल खंडेलवाल, समिति के चेतन जी, डॉ मनोज नागर, युवा साथी देवराज परमार, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, विपिन सिंघी, नरेंद्र पोरवाल, राजा मेवाड़ा, पूर्व पार्षद भगवत मेवाड़ा, राजेश धनगर आदि उपस्थित रहे।

### विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने दी विधानसभा क्षेत्र को सौगात

# काम करने के लिए सच्चे मन की जरूरत: इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के जावर जोड़ पर हनुमान जी के दर्शन एवम् आर्शीवाद प्राप्त कर जावर मंडल के ग्राम बिलपान में पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपुजन किया गया तत पश्चात बिलपान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण कर छोटी छोटी कन्याओं का पुजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमे पात्र हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। अपने वक्तव्य में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि केन्द्र सरकार और मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित अनगिनत योजनाओं के लाभ जन जन तक पहुंचे यही हमारा पहला उद्देश्य है। ग्राम पंचायत बरछा पुरा में संकल्प यात्रा पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जनों ने अपने अपने विचार रखे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि लाड़ली बहना योजना में महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया वही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व भर में भारत के नाम को सार्थक और समर्थ विश्वगुरु बनाने में कोई कोर कसोर नही छोड़ी है। वही राम मंदिर निर्माण हो या काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन का महंकाल लोक हो या पावगड़ मन्दिर हर जगह पर नवीनीकरण किया जा रहा है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ग्वाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण मंडल अध्यक्ष पदाधिकारीगण ग्रामीणजन युवा साथी मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

# जुलूस निकालकर अक्षत चावल का घर-घर वितरण कर दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



ग्राम घाटपलासी में अयोध्या से आएं अक्षत चांवल का निमंत्रण कि शुरुआत डी जे के साथ शुरू हुआ। अयोध्या मन्दिर का शुभारंभ 22 जनवरी को होने पर पूरे गांव में घर-घर जाकर अयोध्या के अक्षत चांवल से निमंत्रण दिया जा रहा है। गांव के यूवाओ ने अपनी-अपनी बाईक में भगवा झंडा लगा कर डीजे के पीछे चल रहे थे।

डी जे पर श्री राम के उदघौष के साथ अयोध्या मन्दिर के भजनों कि थाप पर कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल कर घर-घर कलश पूजन पंडित के द्वारा कराया जा रहा है। इसी के साथ चंदा किया जा रहा है जिससे मन्दिर पर 22 जनवरी को भंडारे का आयोजन होना है। इस जुलूस में पूर्व सरपंच रामसिंह दांगी, सरपंच उमाशंकर दांगी, जनपद सदस्य परमानंद मीणा, ओतार दांगी, राम अवतार चक्की वाले, गीता प्रसाद मीणा, रामराज मीणा, नर्मदा मीणा, प्रवेश दांगी, ओतार दांगी, जगदीश मीणा, भगवत सिंह दांगी, नैनाराम बजारा, मुकेश मीणा, शेषराम मीणा, हुकुम दांगी, संजय शर्मा, कमलेश शर्मा, श्रीकिशन मीणा, ओम मीणा, कमलेश दांगी, कृष्ण बाबू, रिरिक, रामनिवास मीणा, लखन दांगी, बन्टी, मोहित, मोहरसिंह, सुधीर, राम अवतार रूपसिह ठाकुर आदि सैकड़ों भक्त गण जुलूस में शामिल रहे। घर घर अक्षत चांवल वितरण का काम लगातार चलेगा। जबतक पूरे गांव के सनातनी हिन्दू के घर पूरे होने तक जारी रहेगा।